**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 709**
**गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## 'उड़ान' योजना के अंतर्गत वायुमार्ग

**709. श्री संदिपनराव आसाराम भुमरे:**
**श्री ज्ञानेश्वर पाटील:**
**श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:**
**श्री हरीभाई पटेल:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, विशेषकर दूरस्थ और प्रादेशिक क्षेत्रों को जोड़ने के संबंध में उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) योजना के अंतर्गत अब तक क्या प्रगति हुई है;

(ख) देश में उक्त योजना के अंतर्गत आवंटित वायुमार्गों की संख्या कितनी है और महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित राज्य-वार कितने वायुमार्गों पर परिचालन आरंभ किया गया है;

(ग) उक्त वायुमार्गो पर निर्बाध उड़ान प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या विभन्नि विशेष उपाय किए गए हैं; और

(घ) क्या सरकार का उक्त योजना के अंतर्गत और अधिक मार्ग शुरू करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): क्षेत्रीय संपर्क योजना-उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) के प्रारंभ होने के बाद से 923 वैध आरसीएस मार्ग अवार्ड किए गए हैं, जिनमें से 651 मार्ग प्रारंभ हो गए हैं, जो देश भर में 15 हेलीपोर्ट और 2 वॉटर एयरोड्रोम सहित 93 असेवित और अल्पसेवित हवाईअड्डों को जोड़ते हैं। आरसीएस-उड़ान के माध्यम से 3.27 लाख से अधिक आरसीएस उड़ानों में 1.57 करोड़ से अधिक घरेलू यात्रियों ने यात्रा की है।

(ग) और (घ): इन मार्गों पर निर्बाध उड़ान संचालन सुनिश्चित करने के लिए, सरकार एयरलाइनों को व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) प्रदान करती है, क्षेत्रीय हवाईअड्डों के उन्नयन में सहायता करती है और परिचालन लचीलेपन को प्रोत्साहित करती है। इसके अलावा, पिछले दौर में बंद किए गए मार्गों पर भी पुनः बोली लगाई जाती है, उन्हें आवंटित किया जाता है और आगामी दौर में उन्हें चालू किया जाता है। इसके अलावा, सभी मौसमों में परिचालन के लिए उपयुक्त हवाईअड्डों पर विशेष दृश्य उड़ान नियम और उपकरण उड़ान नियम (आईएफआर) मानकों जैसी प्रौद्योगिकियों को अपनाने में वृद्धि जैसे कदम भी उठाए गए हैं।

क्षेत्रीय संपर्क योजना के संवर्धन के लिए सरकार ने 120 नए गंतव्यों तक क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने और अगले 10 वर्षों में 4 करोड़ यात्रियों को सेवा प्रदान करने के लिए संशोधित उड़ान योजना की घोषणा की है।

*****